आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

01.10.2023 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती से पूर्व आज स्वच्छता के व्यापक अभियान का नेतृत्व किया–देशभर में लगभग सात लाख कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- स्वच्छता ही सेवा का मुख्य कार्यक्म आज पोर्ट ब्लेयर के कारबाईन्स कोव तट पर आयोजित हुआ।

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्रमदान किया।

- राष्ट्रीय पोषण माह के समापन पर कल कार निकोबार में कार्यकम आयोजित किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा व्यापक अभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता के लिए एक तारीख, एक घंटा, एक साथ के तहत आज देश भर में लोगों ने इस महा अभियान में हिस्सा लिया। श्री मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने अपने आस–पास के क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ–सफाई कार्यकम में हिस्सा लिया। देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छह लाख चालीस हजार से अधिक स्थलों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान हुआ।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा का मुख्य कार्यकम आज पोर्ट ब्लेयर के कारबाईन्स कोव तट पर आयोजित हुआ। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी की अगुवाई में पुलिस–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रमदान कर तट की साफ–सफाई की। इस कार्यकम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्कूल कॉलेज के बच्चे भी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने तट के आस–पास के क्षेत्र से कचरे को साफ कर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। खराब मौसम में भी लोगों ने स्वच्छता के लिए अपने उत्साह को बनाए रखा। इससे पूर्व उप–राज्यपाल ने उपस्थिति को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए नगरपालिका परिषद के तीन कर्मियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। इस कार्यकम में हिस्सा लेने पहुंचे द्वीपों के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रैंड एम्बेसडर नरेश चन्द्र लाल ने कहा कि यह अभियान जन मानस के पटल पर एक छवि अंकित करेगा। हमें स्वच्छता के इस अभियान को संकल्प से सिद्धि होने तक आगे बढ़ाना है।

द्वीपों के अन्य स्थानों पर भी स्वच्छता कार्यकम के तहत श्रमदान किया गया। ग्रामीण विकास सचिव वेदिता रेड्डी के नेतृत्व में पंचायती राज सदस्यों और अन्य लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग–चार से लेकर बिम्बलीटान गांव तक के क्षेत्र की साफ–सफाई की। सरकारी कार्यालयों में भी सफाई अभियान चलाया गया।

<><><><><><>

उधर, कैम्पबेल बे में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कैम्पबेल बे बाज़ार से लेकर अन्य स्थानों पर साफ–सफाई कर जमा किए गए कचरें को डम्पिंग यार्ड ले जाया गया। गोविंदनगर के प्रधान जी वेंकट राव ने ग्राम पंचायत सदस्यों और अन्य लोगों के साथ इसमें बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। लक्ष्मीनगर, गांधीनगर और शास्त्रीनगर के चिकित्सा कर्मियों के द्वारा भी अपने परिसरों में साफ–सफाई की गई।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी कल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक सौ चौव्वनवीं जयन्ती मनाई जाएगी। मुख्य समारोह सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर गांधी पार्क में आयोजित होगा। जहां उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा प्रार्थना और भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। दो मिनट का मौन भी रखा जाएगा। कल सभी सरकारी विभागों, संस्थानों, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत श्रमदान करने और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। गांधी जयन्ती के अवसर पर पशु–पक्षियों की हत्या न करने और मछलियों को न पकड़ने का अनुरोध किया गया है। कल गांधी जयन्ती पर ड्राई डे रहेगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह का कल समापन हो गया। द्वीपों के कई भागों में समापन समारोह आयोजित किया गया। कार निकोबार के प्रियदर्शनी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने पोषण माह की सफलता में आई सी डी एस के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास पोषण के स्तर को बेहतर बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते है। उन्होंने इन प्रयासों को आगे जारी रखने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए खान–पान की सही आदतों को अपनाने पर भी प्रकाश डाला। सम्माननीय अतिथि जनजातीय परिषद के मुख्य कप्तान लियोनाड निकोमेड ने जिले में विभिन्न योजनाओं को लागू करने और लोगों को अच्छे स्वास्थ्य तथा खान–पान को लेकर जागरूक करने में आई सी डी एस की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ नाटक भी पेश किया गया। मोटे अनाज से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और कार निकोबार के स्थानीय खिलौनों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। ननकौड़ी, कैम्पबेल बे में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए।

<><><><><><>

उधर, डिगलीपुर में आयोजित कार्यक्रम में सहायक आयुक्त आदित्य कुमार अस्थाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने पोषण माह मनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वास्थ्य में सुधार और जीवन स्तर के बेहतर होने से उत्पादकता में वृद्धि होती है। डिगलीपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने एक माह के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की गई। व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लौंग आईलैण्ड में बयालीस मिलीमीटर, मायाबन्दर में पैंतीस और पोर्ट ब्लेयर में बाईस दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष चेतावनी नहीं है। बुधवार और गुरूवार को द्वीपसमूह के एकाध भागों में गरज के साथ भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>